बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या- सू०प्र०प्र०तथा जन०-76/2026- /वि०स० ।

प्रेषक,

संजय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
बिहार विधान सभा, पटना ।
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण/ माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक-

विषय:- अष्टादश बिहार विधान सभा के चतुर्थ-सत्र के आगामी उपवेशन से संबंधित आवश्यक सूचना।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि अष्टादश बिहार विधान सभा के चतुर्थ-सत्र बिहार विधान सभा वेश्म पटना में दिनांक-30.11.2026 से 04.12.2026 तक 11:00 बजे पूर्वा0 में अधिवेशित होने के लिए आहूत किया गया है ।

अत: माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में अपने साथ अंगरक्षक या किसी अन्य व्यक्ति को न लाने, सुरक्षा जाँच में सहयोग करते हुए सत्र काल में काला शीशायुक्त वाहन का प्रयोग नहीं करने, सुरक्षाकर्मियों द्वारा मांगे जाने पर अपना प्रवेश- पत्रक अवश्य दिखलाने तथा सत्र से संबंधित सामग्री ही लाने की कृपा करें ।

विश्वासभाजन,
ह०/-
(संजय कुमार सिंह)
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञांप संख्या- सू०प्र०प्र०तथा जन०-76/2026-2406 / वि०स०, पटना, दिनांक- 27/11/26

प्रति:- अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई शाखा, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है उक्त पत्र को बिहार विधान सभा के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय ।

27.11.26

(अजय कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

दिनांक 27/11/2026